Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the rate of honorarium paid to Aanganwadi workers in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): देश के लगभग सभी जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यक्रम लागू है। आंगनबाड़ी कार्यक्रम के पोषाहार योजना को सम्पूर्ण देश में लगभग 26 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के द्वारा समर्पित भाव से लागू किया जा रहा है। उसके बदले में उन्हें मामूली मानदेय प्रदत्त किया जाता है। देश के सभी राज्यों में अलग-अलग दर से मानदेय दिया जाता है। जबकि पूरे देश में समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था लागू है। पूरे देश में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा पुष्टाहार योजना के साथ-साथ प्रदेश की बहुत सारी योजनाएँ यथा-साक्षरता अभियान, पल्स पोलियो, जनगणना, मतगणना, आदि बहुत सारी सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होने के बावजूद इन्हें देश में न्यूनतम मजदूरी की दर से भी मानदेय न दिए जाने से उनको अपने परिवार का भरण-पोषण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूँ कि इनके मानदेय में वृद्धि कर 10 हजार रूपये किया जाए।